Regarding need to bring some areas of Izzatnagar under Divisional Railway Manager, Moradabad-laid

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): मैं उत्तर पूर्व रेलवे में इज्जत नगर से मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक जॉन के परिवर्तन के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । इज्जत नगर डिवीजन में काठगोदाम रेलवे स्टेशन शामिल है जो कि नैनीताल अल्मोड़ा आदि जैसे पर्यटन स्थलों का प्रवेश द्वार है और रामनगर मुरादाबाद रेल खंड पर काशीपुर जंक्शन भी कुमाऊं गढ़वाल का प्रवेश द्वार है । मैं आपको सूचित करना चाहता हूं कि इज्जत नगर मंडल में बहुत सारी रेल संबंधित परियोजनाएं लंबित है । इसके कारण ट्रेनों का परिचालन ठीक से नहीं हो रहा है । मैं सरकार को यह भी अवगत कराना चाहता हूं कि कुमाऊं गढ़वाल के लोगों के लिए रेल सुविधाओं का विकास न होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । कुमाऊं गढ़वाल के लोगों के लिए रेल सुविधाओं का विकास ना हो पाने को ध्यान में रखते हुए मेरा सुझाव है कि इज्जत नगर के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त क्षेत्रों को मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद में यथाशीघ्र बदला जाए ताकि उचित विकासात्मक गतिविधियां संचालित की जा सकें । मैं भारत सरकार और रेल मंत्रालय से आग्रह करता हूं कि काशीपुर काठगोदाम रामनगर रुद्रपुर हल्द्वानी आदि क्षेत्रों को मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद में बदल दिया जाए ताकि उन्हें पर्याप्त विकासात्मक सुविधा मिल सके ।